राजस्थान पत्रिका
2/7/14

# महिलाओं का प्रशिक्षण शुरू

**मालपुरा.** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में मंगलवार से केन्द्रीय ऊन विकास मण्डल वस्त्र मंत्रालय की ओर से ऊनी उत्पाद एवं डिजायन विषय पर प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। इसकी शुरुआत संस्थान निदेशक सैयद मोहम्मद खुर्शीद नकवी ने की। उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ देश में ऊन व मांस का उत्पादन बढ़ाना है। भेड़ पालकों को ऊन का पूरा मूल्य नहीं मिल पाता है। इससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं ऊन उत्पादों से स्थानीय स्तर पर उत्पाद कर अधिक मुनाफा कमा सकती हैं। वस्त्र निर्माण एवं वस्त्र रसायन विभाग के प्रभारी डॉ. दिनेश बाबू शाक्यवार ने भी प्रशिक्षण की जानकारी दी। इंजीनियर अजय कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया।